वार्षिक परीक्षा (2018-19)

विषय : हिंदी

कक्षा : नवीं

नाम	**: ....**	**समय**	**: 3 घंटे**
अनुक्रमांक	**: ....**	**पूर्णांक**	**: 80**
दिनांक	**: ....**	**प्रश्न सं.**	**: 12**

आवश्यक निर्देश :-

1. एक खंड की समाप्ति पर ही दूसरा खंड प्रारंभ करें।

2. प्रश्नों की संख्या प्रश्नपत्र के अनुसार लिखें।

3. स्पष्ट व स्वच्छ लेख लिखें।

खंड - 1

1 निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

असहाय व्यक्ति का शोषण करने वाला किसी को केवल दुःख दे सकता है। देवता स्वयं को भी देता है और दूसरों को भी। हम अक्सर कहते है कि कंजूस किसी को कुछ नहीं देता ,पर कृपण स्वयं को भी कहाँ देता है? वह दीन-हीन की तरह रहता है और उसी की तरह मर जाता है।

धन हमारे जीवन का केंद्र नहीं है।धन एक संसाधन है ,जिससे हम अपनी जिम्मेदारियों को निभाते है।धन एक सहायक सामग्री है,जिससे हम उद्देश्यों की पूर्ति करते है।धन का काम है कि वह हमे सुख दे।यह सुख हमे तीन क्रियाओ से मिलता है -धन के अर्जन से,धन के उपयोग से और धन के दान से। इन तीन क्रियाओ से धन हमारी सेवा करता है।

कंजूस धन को बचा लेते है। अपव्ययी उसे उड़ा देता है, लाला उसे उधार देते है,चोर उसे चुरा लेते है ,जुआरी उसे गँवा देते है, धनी उसे बढ़ा देते है।

(क)कंजूस व्यक्ति का जीवन किस प्रकार का होता है? (2)

(ख) गंधाश के अनुसार धन क्या है? (2)

(ग)हमे सुख किन क्रियाओ से मिलता है? (2)

(घ)कंजूस ,अपव्ययी ,लाला ,चोर ,जुआरी धन का क्या करते है? (2)

(ङ) प्रस्तुत गंधाश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

पेड़ो के झुनझुने
बजने लगे ,
लुढ़कती आ रही है
सूरज की लाल गेंद ।
उठ मेरी बेटी ,सुबह है गयी है
तारे अब दिखाई नहीं देते
जाने कितने ऊपर चले गए है
चाँद ,देख अब गिरा ,अब गिरा ।
उठ मेरी बेटी ,सुबह हो गयी
देख तो ,कितना रंग फैल गया ।
दूसरी गली में मुड़ने लग गया है बूढ़ा आसमान
अभी भी दिखाई दे रहे है उनकी लाठी में बँधे
रंग -बिरंगे गुब्बारे ,कागज- पन्नी की हवा चर्खियाँ
लाल हरे चश्मे ,दफ़्ती के रंगीन भोंपू।

(क)कवि बेटी को क्या कहकर जगा रहा है ? (2)

(ख)काव्यांश के अनुसार बूढ़ा कौन है और उसके पास क्या है ? (2)

(ग) निम्नलिखित शब्दों के एक -एक पर्यायवाची शब्द लिखिए (2)

१-सूरज २- आसमान

खंड -2

3 **(क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए** (2)

देशभक्ति सत्यनिष्ठा

(ख)निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाइए (1)

तदुर पाखड़

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्द को दोबारा लिखिए (1)

दवाइया पूजीपति

4 **(क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग करके शब्द को दोबारा लिखिए** (1)

जमाना फ़रियाद

(ख) निम्नलिखित उपसर्ग से नया शब्द बनाइए (1)

अनु दुर

(ग) निम्नलिखित प्रत्यय लगाकर एक -एक नया शब्द बनाइए (1)

ईला

5 **(क) निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कीजिए** (2)

उच्चारण युगादि

(ख) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए (2)

सदा +एव रोग +उपचार

6 **निम्नलिखित गधांश में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए** (3)

(क) रमेश गीता महेश और सीता घूमने गए

(ख) ओह तुम्हारे नखरे

(ग) मैने रामचरित मानस पढ़ा है

<u>खंड -3</u>

7 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए**

(क) नए बसते इलाके में कविता में कौन-कौन से पुराने निशानों का उल्लेख किया गया है ? (2)

(ख)एक पत्र-छाँह भी माँग मत इस पक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए? (2)

(ग) जलहीन कमल की रक्षा सूर्य क्यों नहीं कर पाता है ? (1)

8 **आदमी नामक कविता के माध्यम से क्या प्रेरणा दी गयी है ?** (5)

9 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

(क)महादेव के किन गुणों ने उन्हें सबका लाडला बना दिया है ? (2)

(ख) चलते -पुर्जे लोग धर्म के नाम पर क्या करते है ? (2)

(ग)लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता है ? (1)

10 **धर्म और ईमान के नाम पर किए जाने वाले भीषण व्यापार को कैसे रोका जाता है?** (5)

11 **मालाबार में हिन्दू -मुसलमानों के परस्पर संबंधो को अपने शब्दों में लिखिए।** (5)

खण्ड - 4

12 **निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दों में कोई एक अनुच्छेद लिखिए।** (5)

(क) समय का महत्व

समय का सदुपयोग

समय के सदुपयोग से लाभ तथा हानि

(ख) उल्लास उमंग से भरे भारतीय पर्व

पर्वों के प्रकार

सामाजिक एवं राष्टीय पर्वो से लाभ

(ग) उन्नति का साधन: शिक्षा

शिक्षा की आवश्यकता

शिक्षा का महत्त्व

शिक्षा के लाभ

(ख) परीक्षा के बाद अपने कार्यक्रम का विवरण देते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए । (5)

अथवा

आपका मित्र चेतन विदेश यात्रा पर जा रहा है उसकी मगंलमय यात्रा के लिए शुभकामना देते हुए पत्र लिखिए ।

(ग) जलसंरक्षण के लिए दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए । (5)

(घ) स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली कम्पनी की से ओर विज्ञापन लिखिए। (5)

(ड) नीचे दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन 20 -30 शब्दों में कीजिये। (5)